**<u>प्रेस नोट दिनांक 27.07.26</u>**

**<u>थाना मीरगंज जनपद बरेली।</u>**

**<u>थाना मीरगंज #bareillypolice द्वारा दिनांक 15.07.2026 को मीरगंज बाजार में हुई टप्पेबाजी की घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान 04 अभियुक्त गिरफ्तार (जिनमें 01 घायल), लूटे गए कुंडल बरामद।</u>**

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-</u>**

दिनांक 27.07.2026 की रात्रि में थाना मीरगंज पुलिस टीम द्वारा हाईवे से नगरिया सादात जाने वाले मार्ग पर खेत के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी, लूट एवं टप्पेबाजी की घटनाओं में संलिप्त 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई, जिसके आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त अमन उर्फ शहजाद उर्फ शहजादा पुत्र यासीन, निवासी ग्राम असीलपुर, थाना किठौर, जनपद मेरठ, के पैर में गोली लगी। उसे तत्काल उपचार हेतु सीएचसी मीरगंज भेजा गया। पुलिस ने मौके से अभियुक्त पप्पू सिंह उर्फ फौजी पुत्र राजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम भईया नगला, थाना पटवाई, जनपद रामपुर (हाल पता- पीतल नगरी, बलदेवपुरी जियारत के पास, थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद) तथा आसिफ पुत्र नूर अहमद, निवासी ग्राम धौकपुरी टांडा, थाना अजीमनगर, जनपद रामपुर को भी गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे (.315 बोर), 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, 01 अवैध चाकू, 03 मोबाइल फोन, 02 पर्स, 02 मोटरसाइकिल तथा जामा तलाशी से ₹1,260 बरामद किए गए।

**<u>सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-</u>**

दिनांक 26/27.07.2026 की रात्रि में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मीरगंज पुलिस द्वारा हाईवे से नगरिया सादात जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध अभियुक्तों की घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को देखकर अभियुक्तों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अभियुक्त अमन उर्फ शहजाद उर्फ शहजादा घायल अवस्था में तथा उसके साथी पप्पू सिंह उर्फ फौजी एवं आसिफ को गिरफ्तार किया गया। मौके से 02 अवैध तमंचे (.315 बोर), 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, 01 अवैध चाकू, 03 मोबाइल फोन, 02 पर्स, 02 मोटरसाइकिल तथा ₹1,260 नकद बरामद किए गए। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना मीरगंज पर मु0अ0सं0 367/2026 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस एवं 3/4/25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त आसिफ ने बताया कि लूटे गए कुंडल उसकी पत्नी फाहिमा के पास हैं, जो उन्हें बेचने के लिए मीरगंज आने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा फाहिमा पत्नी आसिफ निवासी ग्राम धौकपुरी टांडा, थाना अजीमनगर, जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया।

**<u>पूछताछ अभियुक्त</u>**

गिरफ्तार अभियुक्त **अमन उर्फ शहजाद उर्फ शहजादा, पप्पू सिंह उर्फ फौजी एवं आसिफ** ने पूछताछ में बताया कि वे अपनी सुरक्षा के लिए अवैध तमंचे एवं चाकू रखते हैं तथा पूर्व में भी चोरी, लूट एवं टप्पेबाजी जैसी घटनाएं कर चुके हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि दिनांक **15.07.2026** को मीरगंज बाजार में एक महिला के कानों से टप्पेबाजी कर कुंडल उतरवाने की घटना में **आसिफ की पत्नी फाहिमा** भी शामिल थी। घटना के बाद सभी अभियुक्त अपनी-अपनी मोटरसाइकिलों से फरार हो गए थे। पूछताछ के दौरान अभियुक्त आसिफ ने बताया कि लूटे गए कुंडल उसकी पत्नी **फाहिमा** के पास हैं, जो उन्हें बेचने के लिए मीरगंज आने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा **फाहिमा पत्नी आसिफ** निवासी ग्राम धौकपुरी टांडा, थाना अजीमनगर, जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से **01 स्मार्टफोन (POCO कंपनी)** एवं **01 जोड़ी पीली धातु के कुंडल** बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्ता फाहिमा ने भी दिनांक **15.07.2026** को मीरगंज बाजार में अपने पति आसिफ तथा उसके साथियों **अमन उर्फ शहजाद** एवं **पप्पू सिंह उर्फ फौजी** के साथ मिलकर टप्पेबाजी की घटना कारित करना स्वीकार किया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर **मु0अ0सं0 346/2026** में धारा **3(5)/317(2) बीएनएस** की वृद्धि करते हुए चारों अभियुक्तों के नाम प्रकाश में लाए गए तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-</u>**

1. अमन उर्फ शहजाद उर्फ शहजादा पुत्र यासीन निवासी ग्राम असीलमपुर थाना किठौर जनपद मेरठ।

2. पप्पू सिंह उर्फ फौजी पुत्र राजेन्द्र सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम भईया नंगला थाना पटवई जनपद रामपुर हाल पता पीतल नगरी बलदेवपुरी जियारत के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।
3. आसिफ पुत्र नूर अहमद उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम धौकपुरी टांडा थाना अजीम नगर जनपद रामपुर।
4. फाहिमा पत्नी आसिफ उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम धौकपुरी टांडा थाना अजीमनगर जनपद रामपुर।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1. 02 अवैध तमंचे (.315 बोर)
2. 02 खोखा कारतूस (.315 बोर)
3. 02 जिंदा कारतूस (.315 बोर)
4. 01 अवैध चाकू
5. 02 मोटरसाइकिल
6. 04 मोबाइल फोन
7. 02 पर्स
8. ₹1,260 नकद (जामा तलाशी से)
9. 01 जोड़ी कुंडल

**<u>अभियुक्तों का आपराधिक-इतिहासः-</u>**

**<u>अमन उर्फ शहजाद उर्फ शहजादा पुत्र यासीन नि0 असीलपुर, थाना किठौर, मेरठ</u>**

| मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|
| 31/26 | 112/317(2)/318(4) बीएनएस | बिलारी | मुरादाबाद |
| 160/26 | 126(2)/3(5)/309(4)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट | अमरोहा देहात | अमरोहा |
| 390/21 | 379/411/420 भादवि | हसनपुर | अमरोहा |
| 391/21 | 4/25 आर्म्स एक्ट | हसनपुर | अमरोहा |
| 346/26 | 318(4)/3(5)/317(2) | मीरगंज | बरेली |
| 367/26 | 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट | मीरगंज | बरेली |

**<u>पप्पू सिंह उर्फ फौजी पुत्र राजेन्द्र सिंह नि0 भैया नगला, पटवई जिला रामपुर</u>**

| मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|
| 441/24 | 316(2)/317(2)/318(2)/319(2) बीएनएस | सिरौली | बरेली |
| 192/21 | 34/489बी/489सी भादवि | मुढापाण्डे | मुरादाबाद |
| 197/21 | 34/489बी/489सी भादवि | मुढापाण्डे | मुरादाबाद |
| 160/26 | 126(2)/3(5)/309(4)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट | अमरोहा देहात | अमरोहा |
| 346/26 | 318(4)/3(5)/317(2) | मीरगंज | बरेली |
| 367/26 | 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट | मीरगंज | बरेली |

**<u>आसिफ पुत्र नूर अहमद नि0 दौकपुरी टांडा अजीमनगर, रामपुर</u>**

| मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|
| 126/26 | 115(2)/126(2)/351(3)/352 बीएनएस | अजीमनगर | रामपुर |
| 267/24 | 380/411 भादवि | स्वार | रामपुर |
| 268/24 | 305(a)/331(4)/317 बीएनएस | स्वार | रामपुर |
| 269/24 | 305(a)/331(4)/317 बीएनएस | स्वार | रामपुर |
| 346/26 | 318(4)/3(5)/317(2) | मीरगंज | बरेली |
| 367/26 | 109(1)/3(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट | मीरगंज | बरेली |

**<u>फाहिमा पत्नी आसिफ नि0 दौकपुरी टांडा अजीमनगर, रामपुर</u>**

| मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|
| 346/26 | 318(4)/3(5)/317(2) | मीरगंज | बरेली |

**पुलिस टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री रवि कुमार, थाना मीरगंज, बरेली।
2.उ0नि0 श्री पकंज कुमार (प्रभारी चौकी कस्वा) थाना मीरगंज, बरेली।
3.उ0नि0 श्री सूरज पाल सिंह (प्रभारी चौकी लाभारी) थाना मीरगंज, बरेली।
4.उ0नि0 श्री नितिन शिरीष, थाना मीरगंज, बरेली।
5.उ0नि0 श्री महेश कुमार, थाना मीरगंज, बरेली।
6.उ0नि0 श्री राजवीर सिंह, थाना मीरगंज, बरेली।
7.उ0नि0 श्री जय प्रकाश, थाना मीरगंज, बरेली।
8.उ0नि0 श्री रामनरेश, थाना मीरगंज, बरेली।
9.म0उ0नि0 नीतू गौतम, थाना मीरगंज, बरेली।
10.हे0का0 667 सूरज पाल सिंह, थाना मीरगंज, बरेली।
11.हे0का0 871 मुकुल प्रताप, थाना मीरगंज, बरेली।
12.हे0का0 551 रवि कुमार, थाना मीरगंज, बरेली।
13.हे0का0 1288 दीपक, थाना मीरगंज, बरेली।
14.हे0का0 661 अरकान आलम, थाना मीरगंज, बरेली।
15.का0 3398 विवेक शर्मा, थाना मीरगंज, बरेली।
16.का0 1663 अमित कुमार, थाना मीरगंज, बरेली।
17.का0 302 अंकुर सिरोही, थाना मीरगंज, बरेली।
18.का0 2771 अभिषेक सोम, थाना मीरगंज, बरेली।
19.का0 1909 नितिन नागर, थाना मीरगंज, बरेली।
20.म0का0 747 सलौनी, थाना मीरगंज, बरेली।
21.रि0का0 1930 अनन्त बालियान, थाना मीरगंज, बरेली।